# ज्ञान सुरभि

5



# ज्ञान सुरभि

## भाग - 5

## हिंदी भाषा III

प्रथम संस्करण 2024

# आमुख

**'ज्ञानम् परमम् ध्येयम्, ज्ञानम् परमम् बलम्'** अर्थात् ज्ञान ही परम लक्ष्य है और ज्ञान ही परम बल है| विद्या का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्रदान करना है| केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अनुसार भाषा ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती है| अतः प्रारंभिक शिक्षा में भाषा को अधिक महत्त्व दिया हुआ है| इसी उपलक्ष्य में प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक **'ज्ञान सुरभि हिंदी भाषा III'** तैयार की गई है| यह पाठ्य श्रृंखला कक्षाएँ 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी होगी| हर पाठ्यपुस्तक में कहानियों और पठित बोध के अलावा विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने हेतु वार्तालाप का भी प्रक्षेप किया गया है| यह सिद्दत है कि जो विद्या बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान का निर्माण करती है, वही संपूर्ण विद्या कहलाएगी| इसे ध्यान में रखते हुए हमारे गृह-प्राध्यापकों द्वारा क्रियाकलाप केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया हुआ है| इस पठन-सामग्री में बच्चों को मार्गदर्शन करनेवाली मूल्यपरक कहानियाँ सरल और बोधगम्य भाषा में बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत की गई हैं| हर पाठ के आधार पर कठिन शब्दार्थ, बोध-प्रश्न और अन्य अभ्यास दिए हुए हैं, जो विद्यार्थियों की बौद्धिकता और बोधगम्यता के विकास में सहयोग देंगे| कक्षाएँ 3 से 5 तक की हर पाठ्यपुस्तक में गिनती, अनुवाद-अभ्यास के साथ-साथ विशेष रूप से घरेलू सामान, दाल, आभूषण, पशु-पक्षी से लेकर सभी प्रकार के सामान्य-ज्ञान का भी परिचय दिया गया है और कक्षाएँ 6 से 8 तक के लिए पत्र लेखन, पोस्टर-विज्ञापन लेखन का प्रतिपादन भी किया गया है, जो बच्चों के लिए भावी जीवन में काफ़ी मददगार रहेगा| कक्षाएँ 5 से 8 तक के पाठ्यक्रम में मुहावरों की चित्र सहित व्याख्या की गई है| हर पाठ के अभ्यासों के बाद गतिविधियों के अंतर्गत पाठ संबंधित अन्य जानकारियाँ और विचारमंथनात्मक अभ्यास भी समाहित हैं| पाठ्य सामग्री के प्रारंभ में, 'पुनर्कथन' के रूप में पिछले साल के अनिवार्य विषय और अंत में, 3 नमूने प्रश्न पत्र दिए गए हैं, जो छात्रों के लिए बहुत ही सहायक होंगे| प्रहर्ष की बात यह है कि इनमें छात्रों-अध्यापकों द्वारा खिंचित चित्रों का भी समावेश है| विद्यार्थियों के लिए एक संपूर्ण पाठ्य-सामग्री प्रदान करने का यह एक छोटा-सा प्रयास है|

**सचिव**

चेन्नई | जून 2024 — **तमिलनाडु आर्य समाज एडुकेशनल सोसायटी**

# ACKNOWLEDGEMENTS

## Lead Content Developers

Smt.Alagulatha AL M.A.,B.Ed.,PGDT.,M.Phil.

Dr.S.Avudainayaki M.A.,B.Ed.,PGDT.,Ph.D.

## Content Developers

Smt.Bhuvaneshwari G M.A.,M.Ed.,M.Phil.

Smt.Aparna Dwivedi M.A.,M.LIB.,B.Ed.

Smt.Bhavna Khanal M.A.,B.Ed.

Shri.Sharma Ravikant Baldev B.A.,M.S.

## Design and Technical Support

Ms.Hamsavani Raman and Team.

## Wrapper Design

Smt.Madhuri D, BFA. (Front wrapper)

Shri.Vignesh S, BFA. (Back wrapper)

# विषय सूची


| क्रम संख्या | पाठ | विधा | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | पुनर्कथन | | 6 |
| 1 | दूध और पानी | कहानी | 9 |
| 2 | शरीर के अंग | सामान्य ज्ञान | 12 |
| 3 | अनुवाद-I | सामान्य ज्ञान | 14 |
| 4 | चंद्रशेखर आज़ाद | पठित बोध | 15 |
| 5 | मुहावरे-I | सामान्य ज्ञान | 17 |
| 6 | मेट्रो रेल की यात्रा | वार्तालाप | 19 |
| 7 | लाभकारी फल | सामान्य ज्ञान | 23 |
| 8 | गिनती | सामान्य ज्ञान | 26 |
| 9 | हमारे सहायक | सामान्य ज्ञान | 29 |
| 10 | शरारती बालक | कहानी | 32 |
| 11 | भारतीय मसाले | सामान्य ज्ञान | 35 |
| 12 | अनुवाद-II | सामान्य ज्ञान | 36 |
| 13 | समय का महत्त्व | पठित बोध | 37 |
| 14 | दालों के नाम | सामान्य ज्ञान | 39 |
| 15 | फल विक्रेता के साथ | वार्तालाप | 41 |
| 16 | मुहावरे-II | सामान्य ज्ञान | 44 |
| 17 | अनाजों के नाम | सामान्य ज्ञान | 46 |
| 18 | नमूने प्रश्न पत्र | | 48 |

# संक्षिप्त पुनर्कथन (RECAPITULATION)



## RECAP - I

### I अनुवाद - I

| | |
|---|---|
| 1. Father is buying fruits. | पिताजी फल खरीद रहे हैं। |
| 2. Sister is chopping vegetables. | बहन सब्ज़ियाँ काट रही है। |
| 3. Mother is cooking food. | माँ/माताजी खाना बना रही हैं। |
| 4. The child is sleeping. | बच्चा सो रहा है। |
| 5. That lady is selling bananas. | वह औरत केले बेच रही है। |
| 6. She is drinking juice. | वह शरबत पी रही है। |
| 7. The boy is running fast. | लड़का तेज़ दौड़ रहा है। |
| 8. I am learning Hindi. | मैं हिंदी सीख रहा/रही हूँ। |
| 9. I am going to school. | मैं स्कूल जा रहा/रही हूँ। |
| 10. We are playing cricket. | हम क्रिकेट खेल रहे हैं। |
| 11. I am reading the newspaper. | मैं समाचार पत्र पढ़ रहा हूँ/रही हूँ । |
| 12. They are talking. | वे बातें कर रहे हैं। |
| 13. It is raining now. | अब बारिश हो रही है। |
| 14. My brother is going to the market. | मेरे भाई बाज़ार जा रहे हैं। |
| 15. The child is bringing a pen. | बच्चा एक कलम ला रहा है। |

## II सप्ताह के दिन

रविवार सोमवार मंगलवार बुधवार गुरुवार
शुक्रवार शनिवार

## III पेड़ों के भाग

फूल फल पत्ता टहनी शाखा जड़ तना

## IV स्वाद

मीठा तीखा कड़वा नमकीन खट्टा कसैला

## RECAP - II

### I अनुवाद - II

| | |
|---|---|
| 1. The dog is chasing a man. | कुत्ता एक आदमी का पीछा कर रहा है। |
| 2. Brother is watching a movie. | भाई सिनेमा देख रहे हैं । |
| 3. He is thinking of something. | वह कुछ सोच रहा है। |
| 4. The farmers are working in the field. | किसान खेत में काम कर रहे हैं। |
| 5. She is playing the Veena. | वह वीणा बजा रही है। |
| 6. He is breaking a coconut. | वह नारियल तोड़ रहा है। |
| 7. She is plucking flowers. | वह फूल तोड़ रही है। |
| 8. The monkey is climbing a tree. | बंदर पेड़ पर चढ़ रहा है। |
| 9. Grandfather is doing Pooja. | दादाजी पूजा कर रहे हैं। |
| 10. The boy is shouting. | लड़का चिल्ला रहा है। |
| 11. A mango is falling down the tree. | पेड़ से एक आम गिर रहा है। |
| 12. Keep quiet. | चुप रहिए। |
| 13. It doesn't matter. | कोई बात नहीं। |
| 14. Please help me. | कृपया मेरी मदद कीजिए। |
| 15. Call me when you get home. | घर जाकर फ़ोन कीजिए। |

## II जगहों के नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| गाँव | बंदरगाह | रेलवे स्टेशन | समुद्र तट |
| खेत | बगीचा | किला | हवाई अड्डा |
| चिड़ियाघर | अस्पताल | डाकघर | बाज़ार |

## III आभूषणों के नाम


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हार | अंगूठी | झुमका | पायल | कंगन | चूड़ी |

## IV धातुओं के नाम

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोना | चाँदी | ताँबा | पीतल | लोहा | इस्पात |

*******

# 1 दूध और पानी



**शब्दार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| ग्वाला – गोपालक Milkman | धन – संपत्ति Wealth | राह – रास्ता Way |
| खाद्य – खाने योग्य Eatable | तालाब – सरोवर Pond | गाँव – ग्राम Village |

सोमपुर गाँव में चंद्रसेन नामक एक ग्वाला रहता था| वह बहुत बेईमान था। वह थोड़े ही समय में धनी बनना चाहता था, अत: वह दूध में आधा पानी मिलाकर बेचा करता था| पत्नी ने उसे समझाया कि अन्यायपूर्वक कमाए जानेवाला धन हाथ में टिकता नहीं, परंतु लोभी चंद्रसेन ने उसकी बात नहीं सुनी| इस प्रकार कमा-कमाकर काफ़ी धन इकट्ठा हो गया था|

एक दिन उसने सोचा, "क्यों न मैं पासवाले शहर जाकर और दो गायें खरीद आऊँ ताकि अधिक धन कमाकर शीघ्र ही अमीर बन जाऊँ|" उसने पत्नी से यह बात कही, तो उसने पहले नहीं माना, फिर एक थैली में पैसे और दूसरी थैली में खाना दिया| चंद्रसेन खुशी से घर से निकला| उसे बाज़ार जाने के लिए पैदल जाना पड़ा|

गर्मियों का दिन था; तेज़ धूप में चलते-चलते वह थक गया था| रास्ते में एक बहुत बड़ा तालाब था जिसके किनारे पर एक बहुत बड़ा पेड़ था| तालाब को देखते ही उसने थकावट मिटाने हेतु उसमें स्नान करके, फिर भोजन के बाद अपनी राह लेने का निश्चय किया|

पत्नी से दी हुई दोनों थैलियों को किनारे पर रखकर स्नान करने पानी में उतरा, तो देखा कि एक बंदर पेड़ से उतरकर थैलियों के पास जा रहा था। यह देखकर चंद्रसेन चिल्लाने लगा, तो बंदर झट से एक थैली को उठाकर पेड़ के ऊपर चला गया।



नीचे चंद्रसेन ऊँची आवाज़ में चिल्लाने लगा, परंतु बंदर ने आराम से पेड़ पर बैठकर थैली खोली और एक सिक्का निकालकर उसे खाने का प्रयास किया। जब उसने समझा कि वह खाद्य (खाने वाली चीज़) नहीं है, तो उस सिक्के को तालाब में फ़ेंक दिया। फिर दूसरा सिक्का निकाला; काटकर देखा और किनारे पर फ़ेंक दिया। इसी प्रकार एक सिक्का तालाब में और दूसरा किनारे पर फेंकता रहा। सिक्के ख़त्म होने के बाद खाली थैली को नीचे फ़ेंक दिया।

दुखी चंद्रसेन ने किनारे पर पड़े सिक्कों को इकट्ठा करके गिनकर देखा, तो ठीक आधा धन ही बचा था। रोता-रोता घर लौटा और सारी घटना उसने अपनी पत्नी को सुनाई। पत्नी हँसी और बोली, "पानी का पैसा पानी में चला गया; केवल दूध का पैसा आपको मिला है। आगे से ईमानदारी से धन कमाइए।" अब चंद्रसेन की आँखें खुल गईं और उसने सच्चाई के रास्ते पर चलने का प्रण लिया।

**शिक्षा – जैसी करनी; वैसी भरनी।**

## मुहावरे जानें

अपनी राह लेना – प्रस्थान करना
आँखें खुलना – होश में आना

## अभ्यास

**I विलोम शब्द लिखिए (केवल ज्ञान हेतु)**

न्याय     आधा     उठाना     हँसना     उतरना

## II वाक्य में प्रयोग कीजिए

शहर भोजन थकावट ऊपर निकालना

## III रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. अन्यायपूर्वक कमाए जानेवाला धन .................................... में टिकता नहीं।
2. पत्नी ने एक थैली में .................................... और दूसरी थैली में ............................ दिया।
3. तालाब के किनारे पर एक बहुत बड़ा .................................... था।
4. .................................... का पैसा पानी में चला गया।

## IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. चंद्रसेन कौन था और वह कैसे स्वभाव का था ?
2. चंद्रसेन शहर क्यों गया ?
3. रास्ते में तालाब को देखते ही चंद्रसेन ने क्या किया ?
4. बंदर कौन-सी थैली उठा ले गया ?
5. अंत में चंद्रसेन ने क्या समझा ?

## गतिविधि

### I निम्नलिखित शब्दों को मात्रा-क्रम में लिखिए

कूड़ेदान कृपा कागज़ किला कुल्हाड़ी कोमल कैंची कौआ
कंबल कल केला कीमत


________________________________________

________________________________________

### II हूँ / हो / है / हैं का प्रयोग जान लें

| | | |
|---|---|---|
| 1. मैं खाना खाता हूँ । | 2. तुम जाते हो । | 3. वह दौड़ता है । |
| 4. मैं स्कूल जाती हूँ । | 5. तुम बात करते हो । | 6. यह मेरा मित्र है । |
| 7. हम बैठते हैं । | 8. आप खाना बना रहे हैं । | 9. वे मेरे मित्र हैं । |
| 10. हम आ रहे हैं । | 11. आप काम कर रहे हैं । | 12. ये मेरे खिलौने हैं । |

# 2 शरीर के अंग



सिर
कान
बाल
नाक
आँख
मुँह
गला
होंठ
कंधा
भुजा
छाती
कोहनी
पेट
कमर
हाथ
उँगलियाँ
अँगूठा
जाँघ
घुटना
टाँग
एड़ी
पैर
पैर का अँगूठा

## अभ्यास

### I निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. हमारे शरीर के किन्हीं 10 अंगों के नाम लिखिए|
2. हम कैसे चलते हैं और देखते हैं ?
3. हमारे चेहरे के किन्हीं पाँच अंगों के नाम लिखिए|

## गतिविधि

### निम्न दिए हुए चित्र का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए



**( बैलगाड़ी खिले रंग-बिरंगे सौंदर्य खाना महक सुंदर बाँस खेत स्थान के सामने संध्या कुटिया कुत्ता )**

इस चित्र में हम गाँव का ------------------------ देख पाते हैं| एक छोटी-सी ------------------------ है जिसके बाहर एक औरत ------------------------ बना रही है| ------------------------ का समय है| उनकी कुटिया हरे-भरे ------------------------ के पास है| कुटिया ------------------------ गाय-बैलों के लिए चारे के ढेर पड़े हैं| किसान ------------------------ चलाते हुए वापस आ रहे हैं| गाड़ी में ------------------------ के कुछ सामान रखे हुए हैं| एक ------------------------ भी बैल गाड़ी के साथ चल रहा है| पास ही एक ------------------------ तालाब है जिसमें कमल के फूल ------------------------ हुए हैं| तालाब के किनारे पर ------------------------ फूलों से लदे हुए पौधों से सारा वातावरण ------------------------ उठता है| यह ------------------------ पेड़-पौधों से भरपूर है|

# 3 अनुवाद - I



| | |
|---|---|
| 1. He showed me his toy. | उसने मुझे अपना खिलौना दिखाया। |
| 2. They bought a house. | उन्होंने एक घर खरीदा। |
| 3. He sold his vehicle. | उसने अपनी गाड़ी बेच दी। |
| 4. She took a ball from her bag. | उसने अपने बैग में से एक गेंद ली। |
| 5. She opened the door. | उसने दरवाज़ा खोला। |
| 6. She closed the window / box. | उसने खिड़की बंद की / डिब्बा बंद किया। |
| 7. Mother prepared sweets. | माँ ने मिठाइयाँ बनाईं। |
| 8. I took part in the fair. | मैंने मेले में भाग लिया। |
| 9. He plucked a flower. | उसने एक फूल तोड़ा। |
| 10. My father spoke to my teacher. | मेरे पिताजी ने मेरे अध्यापक से बात की। |
| 11. I took bath just now. | मैं अभी-अभी नहाया।/<br>मैंने अभी-अभी स्नान किया। |
| 12. I tried again. | मैंने फिर से कोशिश की। |
| 13. I washed my face. | मैंने अपना मुँह धो लिया। |
| 14. She went down. | वह नीचे चली गई। |
| 15. He was tired. | वह थक गया। |

# 4 चंद्रशेखर 'आज़ाद' – पठित बोध



बचपन से ही चंद्रशेखर 'आज़ाद' बहुत साहसी थे। वे जिस काम को करना चाहते थे, उसे करके ही दम लेते थे। एक बार वे लाल रोशनी वाली दियासलाई (Matchstick) से खेल रहे थे। उन्होंने साथियों से कहा कि एक सलाई से जब इतनी रोशनी होती है, तो सब सलाइयों के एक साथ जलाए जाने से न मालूम कितनी रोशनी होगी। सब साथी इस प्रस्ताव पर बहुत खुश हुए, पर किसी की हिम्मत नहीं पड़ी कि इतनी सारी सलाइयों को एक साथ जलाए, क्योंकि रोशनी के साथ सलाई से आग भी निकलता है। एक सलाई की गर्मी झेलना तो कोई बात नहीं थी; पर सब सलाइयों को एक साथ झेलने का खतरा कौन मोल लेता। इस पर चंद्रशेखर सामने आए और उन्होंने कहा, "मैं एक साथ सब सलाइयों को जलाऊँगा। उन्होंने ऐसा ही किया। तमाशा तो खूब हुआ, किंतु साथ ही साथ उनका हाथ भी जल गया, पर उन्होंने 'उफ' तक नहीं की। जब लड़कों ने हाथ की तरफ़ देखा, तो मालूम हुआ कि उनका हाथ बहुत जल गया है। सब लड़के उपचार के लिए दौड़ पड़े, पर चंद्रशेखर के चेहरे पर पीड़ा का कोई भाव न था और वे खड़े-खड़े मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने यह कहा, "एक साथ सब सलाइयों को जलाने पर कितनी रोशनी मिली? उसी प्रकार हम सब एक साथ जुटकर अंग्रेज़ों का सामना करें, तो वे नौ दो ग्यारह हो जाएँगे। संगठन में ही शक्ति है। इस प्रकार वीर साहसी चंद्रशेखर 'आज़ाद' ने अपना पूरा जीवन देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया था। वे तो 15 साल की उम्र में ही देश के स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बन गए थे।

## निम्न दिए हुए प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए

1. **चन्द्रशेखर आज़ाद कैसे स्वभाव के थे ?**
   आलसी साहसी डरपोक
2. **सब साथी किस प्रस्ताव पर बहुत खुश हुए ?**
   सब बाहर जाकर खाएँ सब सलाइयों को एक साथ बुझा दें
   सब सलाइयों को एक साथ जलाएँ
3. **सब सलाइयों को किसने जलाया ?**
   चंद्रशेखर आज़ाद भगतसिंह चंद्रशेखर के मित्र
4. **चन्द्रशेखर ने किस उम्र में स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया ?**
   सोलहवीं पंद्रहवीं बीसवीं
5. **'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?**
   लाभ मिलना हानि होना भाग जाना
6. **प्रस्तुत प्रसंग से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?**
   संगठन में प्यार है संगठन में राह है संगठन में शक्ति है

> यदि कोई युवा मातृभूमि की सेवा नहीं करता है, तो उसका जीवन व्यर्थ है।
> – चंद्रशेखर आज़ाद

## गतिविधि

### क्रिया शब्द सीखें

| | | |
|---|---|---|
| To wait ------------------------------ | To drag ------------------------------ | To know ------------------------------ |
| To ask ------------------------------ | To count ------------------------------ | To meet ------------------------------ |
| To learn ------------------------------ | To cook ------------------------------ | To reduce ------------------------------ |
| To bathe ------------------------------ | To feed ------------------------------ | To send ------------------------------ |
| To begin ------------------------------ | To fall ------------------------------ | To show ------------------------------ |
| To build ------------------------------ | To fly ------------------------------ | To sing ------------------------------ |
| To burn ------------------------------ | To hear ------------------------------ | To spill ------------------------------ |

# 5 मुहावरे - I

**परिभाषा** – मुहावरा एक ऐसा वाक्यांश है जिसका वाक्य में प्रयोग किए जाने पर विशेष अर्थ प्रकट होता है। इससे भाषा आकर्षक, प्रभावपूर्ण तथा रोचक बन जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| आँख लगना | – | सो जाना |
| घाव में नमक छिड़कना | – | दुखी को अधिक दुखी करना |
| आग-बबूला होना | – | अत्यधिक क्रोध करना |
| घी के दिए जलाना | – | खुशियाँ मनाना |
| दिन रात एक करना | – | कड़ी मेहनत करना |
| प्राणों की बाज़ी लगाना | – | जान की परवाह न करना |
| कमर कसना | – | तैयार रहना |



राघव अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए

------------------------------------------ रहा है।




परीक्षा में प्रथम आने के लिए राम ने

------------------------------------------ ली।



प्रिया के स्पर्धा में प्रथम आने पर घरवालों

ने ______________________________ ।



देर तक पढ़ते-पढ़ते माधव की

______________________________ गईं।



आप दूसरों की मदद करते हैं कि नहीं,

उनके ______________________________ मत!



परीक्षा के पहले दिन जब मेरे पिताजी

ने मुझे खेलते हुए देखा, तो वे

______________________________ हो गए।



हमारे वीर सैनिक ______________________________

देश की रक्षा करते हैं।

# 6 मेट्रो रेल की यात्रा



**शब्दार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| रोशनी – प्रकाश Illumination | दरवाज़ा – द्वार Door | यात्री – राही Passenger |
| सूचना – निर्देश Information | अलग – भिन्न Different | शीशा – काँच Glass |

**दादी** : बेटा जगन, हम कल मामा जी के घर जाएँगे।

**पोता** : (खुशी से) बहुत बढ़िया दादी जी! मैं वहाँ बहुत मस्ती करूँगा। बस से जाएँगे या रेल से?

**दादी** : अब तो हमारे शहर में मेट्रो आ गई है, इसलिए हम इस बार मेट्रो से जाएँगे।

**पोता** : ( उत्सुक होकर) सच में दादी जी! कल मैं बहुत जल्दी तैयार हो जाऊँगा।
**(अगले दिन मेट्रो स्टेशन जाते समय)**

**पोता** : दादी माँ, हमारे पास तो मेट्रो कार्ड है न, फिर क्यों टिकट लेना है ?

**दादी** : बेटा, पिताजी और दादाजी अक्सर मेट्रो से दफ्तर जाते हैं, इसलिए उनके लिए बनाया है। वे समय-समय पर रीचार्ज (Recharge) करके इसका उपयोग करते हैं। अब कार्ड उनके पास ही है।

**पोता** : अच्छा! दादी माँ, मुझे पैसे दीजिए, मैं टिकट लूँगा। ( टिकट लेने के बाद) यह टिकट तो दूसरे टिकट से बिल्कुल अलग है।

**दादी** : हाँ जगन, यह टोकन है और कभी-कभी टिकट भी देते हैं। इनमें 'बार कोड़' (Bar Code) होता है, जिसे प्रवेशद्वार के सेंसर (Sensor) में दिखाने से दरवाज़े खुलते हैं। जाओ, हमारे सामान को चेकिंग में डालो।

**पोता** : ठीक है दादी माँ। (सामान इकट्ठा करने के बाद) अपना टोकन लीजिए। अब हम सेंसर में इसे दिखाकर स्टेशन के अंदर जा सकते हैं न?

**दादी** : बिल्कुल सही, मेट्रो हर पाँच मिनट में आती रहती है। (थोड़ी देर बाद) मेट्रो आ गई। देखो, ध्यान देना; थोड़ी देर के लिए ही इसके दरवाज़े खुलते हैं, फिर अपने-आप बंद हो जाते हैं। ध्यान से चढ़ना|

**पोता** : ठीक है दादी माँ! चिंता मत कीजिए|
**(मेट्रो में प्रवेश करने के बाद पोता दरवाज़े के सामने वाली सीट पर बैठता है जो खाली है।)**

**दादी** : नहीं बेटा, वह जगह दिव्यांग (Disabled) और बूढ़े लोगों के लिए आरक्षित (Reserved) है, हम वहाँ नहीं बैठ सकते। दूसरी ओर खाली है, चलो|

**पोता** : अच्छा, (बैठने के बाद) यहाँ की सारी खिड़कियाँ बंद हैं। मैं खोल नहीं पा रहा हूँ।

**दादी** : यह वातानुकूलित है। इसलिए शीशे लगे हुए हैं। बाहर देखो, कितना सुंदर दिख रहा है!

**पोता** : हाँ दादी माँ! इस शीशे से बाहर का दृश्य बहुत साफ़ दिखाई दे रहा है। सुनिए, कुछ सूचना दी जा रही है।

**दादी** : हाँ बेटा! आने वाले स्टेशन के नाम के साथ यह सूचना भी दी जाती है कि दरवाज़े किस ओर खुलेंगे।

**पोता** : हाँ! दरवाज़े के सामने खड़े न रहने का आग्रह भी किया जा रहा है। यह सभी यात्रियों के लिए फ़ायदेमंद है। (उत्साह के साथ) दरवाज़े की बाईं तरफ़ यह लाल बटन क्या है?

**दादी** : बेटा! यह बटन आपातकालीन समय प्रयोग किया जाता है। इसे दबाते ही गाड़ी रुकेगी और कुछ रक्षक आकर हमारी मदद करेंगे|

**पोता** : यह सफ़र तो बहुत ही सुरक्षित है। अभी सूचना दी जा रही है कि हमारा स्टेशन आने वाला है और दरवाज़े दाईं ओर खुलेंगे।

**दादी** : (मुस्कुराते हुए) वाह! मेरा पोता बड़ा होशियार बन गया है।

**पोता** : (मेट्रो से उतरने के बाद) सफ़र बहुत मज़ेदार रहा; अब इस टोकन का क्या करना है दादी माँ?

**दादी** : स्टेशन से बाहर जाते समय दुबारा पहले जैसे द्वार आएगा, वहाँ इसको डालने से ही वह द्वार खुलेगा, तभी हम स्टेशन से बाहर जा सकते हैं, इसलिए संभालकर रखना।

**पोता** : ज़रूर! अगली बार हम दिल्ली घूमने मेट्रो में ही जाएँगे; ठीक है ?

**दादी** : नहीं बेटा, हम मेट्रो से केवल अपने शहर में ही आ-जा सकते हैं। दिल्ली तो हमें एक्सप्रेस ट्रेन से ही जाना पड़ेगा।

**पोता** : ओह! अच्छा, आज मैंने बहुत सारी नई बातें सीख लीं।

**दादी** : ( हँसते हुए) वाह! तुम तो आसमान से बातें करनेवाले हो! देखो, उस साइन बोर्ड में 'निकास' लिखा है। वहाँ से बाहर निकलना है। जल्दी करो, मामा और मामी जी हमारे लिए इंतज़ार कर रहे होंगे।

### मुहावरा जानें

आसमान से बातें करना - बहुत ऊँची बातें करना

## अभ्यास

### I विलोम शब्द (केवल ज्ञान हेतु)

खुशी गर्मी खाली बाएँ बाहर

### II वाक्य में प्रयोग कीजिए

उपयोग थोड़ी देर महीना इंतज़ार सामान

## III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. दादी और पोता कहाँ और कैसे जा रहे हैं ?
2. भूमिगत रास्ता कैसा है ?
3. मेट्रो स्टेशन में प्रवेश करने के लिए हमें क्या करना पड़ता है ?
4. मेट्रो पर क्या सूचना दी जा रही है ?
5. मेट्रो में लाल बटन का प्रयोग कब किया जाता है ?

## गतिविधि

### मिलान कीजिए

साइकिल



रॉकेट



रेल



जहाज़



तांगा



हवाई जहाज़



नाव



# 7 लाभकारी फल

| | |
|---|---|
|  | तरबूज नसों के लिए अच्छा है। |
|  | अनन्नास घुटनों की शक्ति बढ़ाता है। |
|  | केला पाचन शक्ति बढ़ाता है। |
|  | सेब दाँत और हड्डियों को मज़बूत रखता है। |
|  | पपीता हृदय रोगों से बचाता है। |
|  | अमरूद त्वचा के लिए लाभदायक है। |

| | |
|---|---|
|  | लीची शरीर और पेट को ठंडक देता है । |
|  | अंगूर आँखों की रोशनी बढ़ाता है । |
|  | कटहल कैंसर जैसी गंभीर समस्या की रोकथाम करता है । |
|  | अनार खून की मात्रा बढ़ाता है । |
|  | आम आँखों के लिए बहुत अच्छा है । |

## अभ्यास

### I निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. किन्हीं पाँच फलों के नाम लिखिए ।
2. पीले रंगवाले फलों के नाम लिखिए ।
3. आपको कौन-कौन से फल बहुत पसंद हैं ?

# गतिविधि

## दिए गए संकेतों द्वारा पहचानिए कि मैं कौन हूँ ?

( नारियल अनार खजूर पपीता अनन्नास आम कटहल नींबू )

क. फलों का राजा हूँ, भारत का राष्ट्रीय फल हूँ। ----------------------------------------

ख. भूख लगने पर खा सकते हैं, प्यास लगने पर पी सकते हैं। ----------------------------------------

ग. बाहर तो कठोर दिखता हूँ, बल्कि दिल से मैं मीठा हूँ। ----------------------------------------

घ. पौधे के ऊपर मैं हूँ; मेरे ऊपर पत्ते हैं। ----------------------------------------

ङ. छूने पर सुगंधित हूँ, खाने पर खट्टा हूँ। ----------------------------------------

च. पीले किले के अंदर काले-काले मोती। ----------------------------------------

छ. सैकड़ों लाल-लाल रत्नों का खज़ाना हूँ मैं। ----------------------------------------

ज. फूलते समय पीला, कच्चे में लाल, फलते समय काला ----------------------------------------

********

# 8 गिनती



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | १ | एक | 21 | २१ | इक्कीस |
| 2 | २ | दो | 22 | २२ | बाईस |
| 3 | ३ | तीन | 23 | २३ | तेईस |
| 4 | ४ | चार | 24 | २४ | चौबीस |
| 5 | ५ | पाँच | 25 | २५ | पच्चीस |
| 6 | ६ | छः | 26 | २६ | छब्बीस |
| 7 | ७ | सात | 27 | २७ | सत्ताईस |
| 8 | ८ | आठ | 28 | २८ | अट्ठाईस |
| 9 | ९ | नौ | 29 | २९ | उनतीस |
| 10 | १० | दस | 30 | ३० | तीस |
| 11 | ११ | ग्यारह | 31 | ३१ | इकतीस |
| 12 | १२ | बारह | 32 | ३२ | बत्तीस |
| 13 | १३ | तेरह | 33 | ३३ | तैंतीस |
| 14 | १४ | चौदह | 34 | ३४ | चौंतीस |
| 15 | १५ | पंद्रह | 35 | ३५ | पैंतीस |
| 16 | १६ | सोलह | 36 | ३६ | छत्तीस |
| 17 | १७ | सत्रह | 37 | ३७ | सैंतीस |
| 18 | १८ | अठारह | 38 | ३८ | अड़तीस |
| 19 | १९ | उन्नीस | 39 | ३९ | उनचालीस |
| 20 | २० | बीस | 40 | ४० | चालीस |





## गतिविधि

### उचित हिंदी संख्या शब्दों से वाक्य की पूर्ति कीजिए

(हज़ारों करोड़ों सैकड़ों दस चार पहला दूसरा
पाँचवीं लीटर किलो प्रथम दुगुना अंतिम)

क. सभा में ---------------------------------- लोग आए हुए थे|

ख. आज़ादी के लिए ---------------------------------- भारतीयों ने अपने प्राण त्याग दिए|

ग. दादी ने ---------------------------------- ग्राम सोना खरीदा|

घ. मैं ---------------------------------- कक्षा में पढ़ता / पढ़ती हूँ|

ङ. मेरे घर में ---------------------------------- कमरे हैं|

च. दूधवाला आठ ---------------------------------- दूध लाया|

छ. मेले में ---------------------------------- लोगों ने भाग लिया|

ज. वहाँ खड़े बालकों में ---------------------------------- बालक मेरे मित्र का भाई है|

झ. इस साल मेरे पिताजी को व्यापार में ---------------------------------- लाभ मिला|

ञ. मैं वार्षिक परीक्षाओं में ---------------------------------- आया|

### दिए गए संकेतों के द्वारा वर्ग पहेली पूरी कीजिए

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | | |
| 6 | 8 | | | | 9 | 10 |
| | | 2 | | क | | क्षि |
| 3 | | | | | | |
| | 5 चि | | | | | |
| | | 4 | | | | |

| बाएँ से दाएँ | ऊपर से नीचे |
|---|---|
| 1. भारत के उत्तर में स्थित पहाड़ | 6. अजंता एल्लोरा की गुफ़ाएँ इस राज्य में स्थित हैं |
| 2. जो वर्ष में एक बार होता हो | 7. जो माह में एक बार होता हो |
| 3. भारत का सबसे बड़ा राज्य | 8. भारत की लंबी नदी |
| 4. जो सप्ताह में एक बार होता हो | 9. जो मेहनत करता हो |
| 5. भारत में सबसे ज़्यादा बारिश होनेवाली जगह | 10. पंद्रह दिनों में एक बार होनेवाला |

********

# 9 हमारे सहायक


**हमारे समाज में बहुत से ऐसे लोग हैं, जो हमारी किसी न किसी प्रकार से मदद करते हैं। जैसे :-**



**वैद्य** रोग पहचानकर रोगियों को दवाइयाँ प्रदान करते हैं ।




**शिक्षक / अध्यापक** हमें पाठ पढ़ाते हैं और अच्छी आदतें सिखाते हैं| उन्हें 'राष्ट्र निर्माता'भी कहा जाता है ।




**नर्स (उपचारिका)** अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में रोगियों की देखभाल करती हैं ।



**पुलिस** हमारे आसपास होने वाले खतरों से हमारी रक्षा करते हैं ।



**किसान** हमारे अन्नदाता हैं | वे खेतीबारी करते हैं |



**बढ़ई** हमारे लिए लकड़ी से चारपाई, अलमारी, कुर्सियाँ, खिड़कियाँ, दरवाज़े आदि बनाते हैं ।



**मोची** हमारे लिए जूते बनाते हैं और उनकी मरम्मत भी करते हैं ।



**दर्जी** हमारे लिए सुंदर कपड़े सीते हैं ।



**नाई** हमारा बाल काटकर सँवारते हैं ।



**डाकिया** पत्र, पार्सल, मनी आर्डर जैसी वस्तुएँ हमारे घर तक पहुँचाते हैं।

## अभ्यास

### I निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. किन्हीं पाँच सहायकों के नाम लिखिए ।
2. किसान कौन हैं ?
3. दर्जी क्या करते हैं ?

# गतिविधि

## निम्न दिए हुए संकेतानुसार भारत के राज्यों / शहरों के नाम पहचानिए ।

1. रात है, पर निशा नहीं ------------------------------------------------
2. राजा का आवास है, पर महल नहीं ------------------------------------------------
3. अमृत है, पर पेय नहीं ------------------------------------------------
4. नाग है, पर साँप नहीं ------------------------------------------------
5. आग है, पर अग्नि नहीं ------------------------------------------------
6. द्वार है, पर दरवाज़ा नहीं ------------------------------------------------
7. चेरी है, पर फल नहीं ------------------------------------------------
8. कान है, पर कर्ण नहीं ------------------------------------------------
9. पंजा है, पर हाथ नहीं ------------------------------------------------
10. गढ़ है, पर किला नहीं ------------------------------------------------

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | न | पु | र | वा | द् | रि | ह |
| ण | स | वे | स | र | स | ना | पु |
| गु | ज | रा | त | को | म | ट | दु |
| ढ़ | भो | ज | मृ | ब | म | गु | चे |
| ग | जा | स् | अ | जा | प्र | वे | री |
| डी | दु | था | री | पं | या | ल | के |
| चं | ग | न | पे | ना | ग | पु | र |

# 10 शरारती बालक



| शब्दार्थ | | |
|---|---|---|
| हमला – आक्रमण Attack | आदत – स्वभाव Habit | विश्वास – भरोसा Belief |
| पेड़ – तरु Tree | बेवकूफ़ी – मूर्खता Foolishness | मस्ती – मज़ा Fun |

किसी एक गाँव में रोहन नामक एक बालक रहता था। वह बहुत शरारतें करता था। वह रोज़ अपनी भेड़-बकरियों को चराने जंगल ले जाता था। वह जंगल खेतों के पास ही था।

एक दिन जब रोहन रोज़ की तरह अपनी भेड़-बकरियों को चरा रहा था, तब उसके मन में शरारत करने की एक बुरी भावना जगी। वह पेड़ पर चढ़ा और ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा, "बचाओ! बचाओ! बाघ मेरी सब भेड़-बकरियों पर हमला कर रहा है।" यह सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे लोग अपना काम छोड़कर रोहन की सहायता के लिए भाग आए। यह देखकर वह ज़ोर-ज़ोर से हँसते हुए बोला, " मैं तो मस्ती कर रहा था, आप लोग तो सच में आ गए।" यह सुनकर लोगों को गुस्सा तो आया, लेकिन चुपचाप वहाँ से चले गए।

दूसरे दिन भेड़-बकरियों को चराते समय दुबारा मस्ती करना चाहता था और वह पहले जैसे ही चिल्लाने लगा, "बचाओ! बचाओ!" | खेतों में काम कर रहे लोगों ने सोचा कि शायद आज भी वह मस्ती कर रहा होगा, परंतु उनके मन में लगा कि शायद इस बार सच हो सकता है, इसलिए वे उसकी सहायता के लिए दौड़कर आए। सभी लोगों को फिर वहाँ आते देखकर रोहन ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगा। उसके इस व्यवहार से वे लोग आपे से बाहर हो गए और बोले

"अब से तुम्हारी बातों पर हम कभी विश्वास नहीं करेंगे।" फिर सब लोग वहाँ से चले गए।

रोज़ की तरह जब वह भेड़-बकरियों को चरा रहा था, तब सच में एक बाघ वहाँ आ गया। यह देखते ही वह डरकर पेड़ पर चढ़ गया और ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा, " बचाओ! बचाओ! बाघ सच में मेरी भेड़-बकरियों पर हमला कर रहा है।" वह रोते-चिल्लाते उन लोगों को सहायता के लिए पुकार रहा था, परंतु कोई भी उसकी सहायता के लिए वहाँ नहीं आया, क्योंकि उन लोगों को लग रहा था कि वह पहले जैसे ही मस्ती कर रहा है। बाघ ने उसकी सारी भेड़-बकरियों को खा लिया और वहाँ से चला गया। कुछ देर बाद वह पेड़ से उतरा और रोते हुए घर गया। उसको अपनी गलती का अहसास हो गया था|

**शिक्षा** – हमें कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से कोई भी हम पर विश्वास नहीं करेगा।

**मुहावरा जानें**

आपे से बाहर होना – अत्यधिक क्रोध करना

## अभ्यास

### I विलोम शब्द लिखिए (केवल ज्ञान हेतु)

दिन रोज़ चढ़ना रोना झूठ

### II वाक्य बनाइए

सहायता गुस्सा काम बचाना गलती

### III रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. वह रोज़ अपनी ---------------------- को चराने जंगल ले जाता था।
2. रोहन ज़ोर-ज़ोर से ---------------------- लगा।
3. हम तुम्हारी बातों पर कभी ---------------------- नहीं करेंगे।
4. रोहन को अपनी ---------------------- का अहसास हो गया।

## IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. रोहन कैसा लड़का था ?
2. रोहन चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रहा था ?
3. बाघ ने क्या किया ?
4. अंत में लोग रोहन की सहायता के लिए क्यों नहीं आए ?
5. 'शरारती बालक' कहानी से हमें क्या सीख मिलती है ?

## गतिविधि



( छात्र पौधे सिंचाई हरा-भरा विद्यालय पेड़-पौधे )

1. यह एक ---------------------------------------- के बगीचे का चित्र है।
2. बगीचे में बच्चे -------------------------- लगा रहे हैं। बगीचा --------------------------------- है।
3. इस चित्र में छः ---------------------------------------- हैं।
4. एक छात्रा पौधों की ---------------------------------------- कर रही है।
5. हमें भी अपने घर के आस-पास ---------------------------------------- लगाने चाहिए।

*******

# 11 भारतीय मसाले

| | | | |
|---|---|---|---|
| <br>जीरा<br>Cumin Seeds | <br>सौंफ<br>Fennel Seeds | <br>काली मिर्च<br>Black Pepper | <br>तेज पत्ता<br>Bay Leaves |
| <br>हींग<br>Asafoetida | <br>इलायची<br>Cardamom | <br>लहसुन<br>Garlic | <br>चक्र फल<br>Star Anise |
| <br>लौंग<br>Cloves | <br>अदरक<br>Ginger | <br>मेथी<br>Fenugreek | <br>सरसों<br>Mustard |

## अभ्यास

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क. पाचन शक्ति बढ़ाने वाले किन्हीं दो मसालों के नाम लिखिए।


ख. हृदय रोग रोकने वाले किन्हीं दो मसालों के नाम लिखिए।

ग. मसाला उत्पादन में सबसे आगे रहने वाला देश कौन-सा है ?

## गतिविधि

भारतीय मसालों के औषधीय गुणों के बारे में कक्षा में विचार-विमर्श करें।

# 12 अनुवाद - II




| | |
|---|---|
| 1. I did not do my work. | मैंने अपना काम नहीं किया। |
| 2. Ram went to his village. | राम अपने गाँव गया। |
| 3. I drank milk. | मैंने दूध पिया। |
| 4. Sita washed her clothes. | सीता ने अपने कपड़े धोए। |
| 5. My friend (had come) came to our house. | मेरा मित्र हमारे घर आया (था)। |
| 6. Ram lost his book. | राम ने अपनी पुस्तक खो दी। |
| 7. He did not learn his lesson today. | उसने आज अपना पाठ नहीं पढ़ा। |
| 8. My father (had) met his friend yesterday. | मेरे पिताजी कल अपने मित्र से मिले। |
| 9. The dog ate the bread (food). | कुत्ते ने रोटी खाई (खाना खाया)। |
| 10. She (he) brought milk. | वह दूध लाई (लाया)। |
| 11. The child did not sleep well. | बच्चा ठीक से नहीं सोया। |
| 12. He gave me some books. | उसने मुझे कुछ पुस्तकें दीं। |
| 13. I saw a horse on the road. | मैंने सड़क पर एक घोड़ा देखा। |
| 14. He (has) won the match. | उसने मैच जीता / (जीत लिया है)। |
| 15. He had changed the answer. | उसने उत्तर बदल दिया। |

# 13 समय का महत्त्व - पठित बोध



समय हमारे जीवन की बहुमूल्य वस्तु है। समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करते, वे तो समान गति से निरंतर चलते रहते हैं। समय के हर पल का अपना महत्त्व होता है| समय को धन माना जाता है, परंतु समय तो धन से भी कहीं अधिक मूल्यवान है| खोया हुआ धन तो मेहनत करने से फिर मिल सकता है, खोया हुआ स्वास्थ्य भी उपचार से पुनः प्राप्त किया जा सकता, परंतु बीते हुए समय को फिर से वापस नहीं लाया जा सकता। सभी छात्रों को समय का महत्त्व समझकर उसका सही उपयोग करना चाहिए। उन्हें समय पर रात में सोना, सुबह जल्दी जागना, अपना कक्षा कार्य और गृह कार्य पूरा करना चाहिए। समय को व्यर्थ न करते हुए सभी कार्यों की योजना बनाकर उसका सही पालन करना चाहिए। समय नियोजन सफलता की ओर का पहला कदम है| जो छात्र समय का सदुपयोग करता है, वही जीवन में सफलता के शिखर तक पहुँच पाता है| कहा जाता है कि जो व्यक्ति जीवन में समय का सम्मान करता है, समय भी उसे सम्मान दिलाता है और जो समय को नष्ट करता है, समय उसको नष्ट कर देगा। अतः समय-नियोजन मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है|

## निम्न दिए हुए प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए

1. **हमारे जीवन की बहुमूल्य वस्तु क्या है ?**

   धन जीवन समय

2. **धन को हम कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?**

   मेहनत से चालाकी से धोखे से

3. **समय के सदुपयोग से क्या लाभ होता है ?**

   धन मिलता है मित्र मिल जाते हैं सफलता मिलती है

4. **समय का सम्मान करने से वह हमें क्या दिलाता है ?**

   पैसा खुशी सम्मान

5. **समय के हर ---------------------------------------- का अपना महत्त्व होता है।**

   मिनट पल घंटे

6. **जो समय को नष्ट करता है, ---------------------------------------- उसको नष्ट कर देगा।**

   समय मित्र शत्रु



*******

# 14 दालों के नाम



तुअर दाल (अरहर)
TOOR DAL



चना दाल
CHANA DAL



मूँग दाल
MOONG DAL



उड़द दाल
URAD DAL



मटर दाल
PEAS



हरी मूँग दाल
GREEN GRAM



कुलथी दाल
HORSE GRAM



काबूली चना
WHITE CHANA



काला चना
CHANA

| | | |
|---|---|---|
|  |  |  |
| मसूर दाल<br>RED LENTIL | राजमा<br>KIDNEY BEANS | लोबिया<br>COW PEA |

## अभ्यास

1. किन्हीं पाँच दालों के नाम लिखिए |
2. शरीर का वज़न कम करने के लिए कौन-सी दाल का सेवन करना चाहिए ?
3. इडली बनाने के लिए किन अनाज और दाल का प्रयोग किया जाता है ?

*******

# 15 फल विक्रेता के साथ



**शब्दार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| दाम – कीमत Price | स्वादिष्ट – रुचिकर Tasty | रसीला – रस भरे Juicy |
| ग्राहक – खरीददार Customer | विक्रेता – बेचनेवाला Seller | प्रति – हर Every |

**ग्राहक** : नमस्ते! मैं कुछ फल खरीदना चाहता हूँ।

**फल विक्रेता** : नमस्ते जी! आप क्या-क्या फल खरीदना चाहते हैं ?

**ग्राहक** : क्या आपके पास आम है ?

**फल विक्रेता** : हाँ जी, मालगोवा, अमरपाली, सिंदूर और बादामी आम हैं। सब ताज़े और मीठे हैं|

**ग्राहक** : मुझे अलफोंसा ही चाहिए, वही सबसे मीठा और रसीला होता है| एक किलो कितने का है?

**फल विक्रेता** : यह आपको 400/- रुपए प्रति किलो पड़ेगा|

**ग्राहक** : अरे, यह आम के दाम तो है न ?

**फल विक्रेता** : हाँ जी, कुछ दिन पहले तक कीमत कम थी।

**ग्राहक** : फिर इतने महँगे कैसे ?

फल विक्रेता : क्योंकि बाज़ार में इसकी माँग ज़्यादा है। मालगोवा भी बहुत मीठा है। किलो मात्र 180/- है। मौसम अभी-अभी शुरू हुआ है न, और पंद्रह दिनों में कीमत कम हो जाएगी।

ग्राहक : ठीक है। क्या आप अलफोंसा 350/- में दे सकते हैं ?

फल विक्रेता : ठीक है, ले लीजिए। कुछ और चाहिए जी ?

ग्राहक : संतरे किस भाव में देते हैं ?

फल विक्रेता : संतरे 55 रुपए प्रति दर्जन हैं।

ग्राहक : (संतरा देखकर) 50 रुपए प्रति दर्जन हो, तो एक दर्जन ले लूँगा।

फल विक्रेता : ठीक है, ले लीजिए। (गिनकर एक दर्जन संतरे ग्राहक को देते हैं।)

ग्राहक : कश्मीरी सेब कितना है?

फल विक्रेता : यह सेब 220 रुपए प्रति किलोग्राम है। क्या आपको हरे सेब (Green Apple) चाहिए? किलो 250 रुपए ही है।

ग्राहक : नहीं, नहीं! पिछली बार मैंने खरीदे थे। बहुत खट्टे थे।

फल विक्रेता : कुछ लोग वही पसंद करते हैं। ठीक है, जी। कश्मीरी सेब ही लीजिए।

ग्राहक : हाँ, ढ़ाई किलो दीजिए। ऐसे ही अमरूद भी आधा किलो दीजिए। मुझे कच्चे अमरूद ही चाहिए।

फल विक्रेता : पके अमरूद भी स्वादिष्ट हैं जी। ज़्यादा कच्चे नहीं हैं। अधपके हैं, दे दूँ? केवल 40 रुपए हैं।

ग्राहक : नहीं, नहीं! पके अमरूद में कीड़े रहते हैं।

फल विक्रेता : आजकल सभी फलों और सब्ज़ियों में कीटनाशक का प्रयोग किया जाता है। कहा जाता है कि अच्छे फल में कीड़े होते हैं।

ग्राहक : हा! हा! हा! आप बात खूब करते हैं। ठीक है, अमरूद एक किलो दे दीजिए। सब का कितना मूल्य हुआ है?

फल विक्रेता : सब मिलकर 990/- रुपए हो गए। आप 950/- दीजिए। (ग्राहक रुपए देते हैं)

फल विक्रेता : धन्यवाद जी। आप फिर से आइए।

# अभ्यास

## I विलोम शब्द लिखिए (केवल ज्ञान हेतु)

खरीदना  महँगा  देना  पास

## II वाक्य बनाइए

फल  दाम  के पास  शुरू

## III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. ग्राहक क्या-क्या खरीदने गए थे ?
2. ग्राहक अलफोंसा आम ही क्यों खरीदना चाहते थे ?
3. फल विक्रेता ने कितने प्रकार के आम बताए ?
4. ग्राहक कौन-सा अमरूद खरीदना चाहते थे और क्यों ?

## IV रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. आजकल सभी फलों और सब्ज़ियों में ------------------- का प्रयोग किया जाता है।
2. मैं कुछ ------------------- खरीदना चाहता हूँ।
3. हरे सेब बहुत ------------------- थे।
4. ------------------- सेब ही लीजिए।

# गतिविधि

**फल-सब्ज़ियों के पोषक तत्व व लाभों के बारे में चर्चा करके लिखिए।**

# 16 मुहावरे – II

**परिभाषा** – मुहावरा एक ऐसा वाक्यांश है जिसका वाक्य में प्रयोग किए जाने पर विशेष अर्थ प्रकट होता है। इससे भाषा आकर्षक, प्रभावपूर्ण तथा रोचक बन जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| आसमान सिर पर उठाना | – | बहुत शोर मचाना |
| काँटे बिछाना | – | अड़चनें पैदा करना |
| कंधे से कंधे मिलाना | – | सहयोग करना |
| एक और एक ग्यारह होना | – | संगठन में शक्ति होना |
| हवा से बातें करना | – | बहुत तेज़ दौड़ना |
| थाली का बैंगन | – | अस्थिर विचारवाला |
| हवाई किले बनाना | – | काल्पनिक योजनाएँ बनाना |

## गतिविधि

**चित्र देखकर सही मुहावरे से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।**



केवल बातों से काम नहीं बनता।

------------------------------------------------------------

छोड़कर काम पर जुट जाओ।



हम सब बिना भेद-भाव के ------------------------------

------------------------------ आगे बढ़ें ।



बार-बार अपनी बात क्यों बदलते हो? तुम जैसा

-----------------------------------------------------------------------------

कोई नहीं रहेगा।



श्याम बहुत ही ज़िद्दी है कि माँगी वस्तु न मिलने

पर ----------------------------------------------------------------------------- है।




दूसरों की मदद करते हो कि नहीं, उनके रास्ते पर

----------------------------------------------------------------------------- मत।



कुत्ते को देखते ही आनंद --------------------------------------------

---------------------------------- करने लगा।




सबके साथ मिलजुलकर रहें, तो कोई हमारा कुछ

नहीं कर सकता, क्योंकि ----------------------------------------

-------------------------------------- होते हैं।

# 17 अनाजों के नाम



चावल
RICE



गेहूँ
WHEAT



जौ
BARLEY



बाजरा
PEARL MILLET



मक्का
CORN



रागी
RAGI



जोवर
SORGHUM



साबूदाना
SAGO



कोदरा
KODO MILLET

## अभ्यास


किन्हीं पाँच अनाजों के नाम लिखिए।

## गतिविधि

**1. चित्र देखकर सूखे मेवों और बीजों के नाम लिखिए**



**2. निम्न दिए गए चित्र को देखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**



- यह एक -------------------------- का चित्र है। (बगीचे / घर)
- इसमें -------------------------- बच्चे हैं। (तीन / दो)
- लड़की के हाथ में एक ---------------- है। (घड़ा / टोकरी)
- लड़का -------------------------- तोड़ रहा है। (सेब / आम)
- फल तोड़ने वाला लड़का अपने मित्र की ------------------ पर खड़ा है। (सिर/पीठ)
- ज़मीन पर -------------------------- पड़े हुए हैं। ( पत्थर / जूते)
- बच्चे बहुत -------------------------- हैं। (दुखी / खुश)
- लड़का पेड़ के ------------------------ को पकड़कर फल तोड़ रहा है। ( पत्ते / डाल)
- आम -------------------------- हैं। (कच्चे / पके )
- टोकरी में -------------- आम और डाल पर ---------- आम हैं। (छः / पाँच / चार)

*********

# SAMPLE PAPER 1

**PORTIONS :** 1. दूध और पानी 2. शरीर के अंग 3. चंद्रशेखर आज़ाद
4. मेट्रो रेल की यात्रा 5. लाभकारी फल 6. मुहावरे-I
7. गिनती (1 - 20) 8. अनुवाद-I 9. RECAP - I

**NOTE** : 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons (EXCEPT FOR केवल ज्ञान हेतु) & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : V **HINDI LANGUAGE III** TIME : 1 ½ HRS
DATE : MAX MARKS : 50

1. **अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 3)** **3 x 1 = 3**
   उन्नीस पंद्रह दस आठ

2. **रविवार ------------------ ------------------ बुधवार ------------------** **3 x 1 = 3**

3. **अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 4)** **4 x 1 = 4**
   गाँव राह रोशनी शीशा ग्वाला

4. **वाक्य बनाइए (कोई 4)**
   शहर भोजन सामान इंतज़ार थकावट **4 x 1 = 4**

5. **सही मिलान कीजिए** **4 x 1 = 4**
   a. आँख लगना - कड़ी मेहनत करना
   b. आग-बबूला होना - खुशियाँ मनाना
   c. घी के दिए जलाना - सो जाना
   d. दिन रात एक करना - अत्यधिक क्रोध करना

6. **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:** **4 x 1 = 4**
   **[ हाथ पानी पेड़ खाना पैसे ]**
   a. पत्नी ने एक थैली में -------------------- और दूसरी थैली में -------------------- दिया|
   b. अन्यायपूर्वक कमाए जानेवाला धन ------------------------- में टिकता नहीं|
   c. तालाब के किनारे पर एक बहुत बड़ा ------------------------- था|
   d. ------------------------- का पैसा पानी में चला गया|

7. सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4) 4 x 1 = 4

a. **सब सलाइयों को किसने जलाया ?**

चंद्रशेखर आज़ाद भगतसिंह चंद्रशेखर के मित्र

b. **चन्द्रशेखर आज़ाद कैसे स्वभाव के थे ?**

आलसी साहसी डरपोक

c. **सब साथी किस प्रस्ताव पर बहुत खुश हुए ?**

सब बाहर जाकर खाएँ सब सलाइयों को एक साथ बुझा दें

सब सलाइयों को एक साथ जलाएँ

d. **चन्द्रशेखर ने किस उम्र में स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया ?**

सोलहवीं पंद्रहवीं बीसवीं

e. **'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?**

लाभ मिलना हानि होना भाग जाना

8. चित्र देखकर दिए गए शब्दों के सहारे खाली स्थान भरिए (NON-TEXTUAL)

5 x 1 = 5

| बाहर | मेट्रो रेल | औरत | लड़का | अंदर | थैली |
|---|---|---|---|---|---|



a. ये तीनों ---------------- से यात्रा कर रहे हैं।

b. एक बूढ़ी ---------------- छड़ी के सहारे अंदर आ रही हैं।

c. उस औरत के हाथ में एक ------------ है।

d. ---------------- उस औरत से बैठने को कहता है।

e. सीट पर बैठा हुआ बालक ---------------- देख रहा है।

9. **हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7 x 1 = 7

a. The child is sleeping
b. They bought a house.
c. She opened the door.
d. He plucked a flower.
e. She went down.
f. We are playing cricket.
g. Mother prepared sweets.
h. Father is buying fruits.

10. **अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7 x 1 = 7

a. वह शरबत पी रही है|
b. उसने अपनी गाड़ी बेच दी|
c. वह थक गया|
d. माँ ने मिठाइयाँ बनाईं|
e. वे बातें कर रहे हैं|
f. लड़का तेज़ दौड़ रहा है|
g. मैंने फिर से कोशिश की|
h. मैं हिंदी सीख रहा हूँ|

11. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** 5 x 1 = 5

a. चंद्रसेन शहर क्यों गया ?
b. रास्ते में तालाब को देखते ही चंद्रसेन ने क्या किया ?
c. बंदर कौन-सी थैली उठा ले गया ?
d. दादी और पोता कहाँ और कैसे जा रहे हैं ?
e. मेट्रो पर क्या सूचना दी जा रही है ?
f. भूमिगत रास्ता कैसा है ?

*********

# SAMPLE PAPER 2

**PORTIONS :** 1. हमारे सहायक 2. शरारती बालक 3.भारतीय मसाले 4. दालों के नाम 5. अनाजों के नाम 6.फल विक्रेता के साथ 7. समय का महत्त्व 8. मुहावरे - II 9. अनुवाद - II 10. गिनती (21-40) 11. RECAP - II

**NOTE** : 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons (EXCEPT FOR केवल ज्ञान हेतु) & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : V

**HINDI LANGUAGE III**

TIME : 1 ½ HRS

DATE :

MAX MARKS : 50

1. **अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 3)** 3 x 1 = 3

इक्कीस चालीस पैंतीस पच्चीस

2. **किन्हीं तीन धातुओं के नाम लिखिए** 3 x 1 = 3

3. **अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 4)** 4 x 1 = 4

आदत विश्वास दाम स्वादिष्ट विक्रेता

4. **वाक्य बनाइए (कोई 4)** 4 x 1 = 4

सहायता काम फल शुरू गुस्सा

5. **सही मिलान कीजिए** 4 x 1 = 4

a. आसमान सिर पर उठाना - बहुत तेज़ दौड़ना
b. कंधे से कंधे मिलाना - अड़चनें पैदा करना
c. हवा से बातें करना - बहुत शोर मचाना
d. काँटे बिछाना - सहयोग करना

6. **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** 4 x 1 = 4

[ मूल्य गलती फल खट्टे चिल्लाने ]

a. रोहन ज़ोर-ज़ोर से ----------------- लगा।
b. मैं कुछ ----------------- खरीदना चाहता हूँ।

c. हरे सेब बहुत ---------------- थे|

d. रोहन को अपनी ---------------- का अहसास हो गया।

7. सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4) 4 x 1 = 4

a. **समय का सम्मान करने से वह हमें क्या दिलाता है ?**

पैसा खुशी सम्मान

b. **धन को हम कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?**

मेहनत से चालाकी से धोखे से

c. **समय के सदुपयोग से क्या लाभ होता है ?**

धन मिलता है मित्र मिल जाते हैं सफलता मिलती है

d. **हमारे जीवन की बहुमूल्य वस्तु क्या है ?**

धन जीवन समय

e. **समय के हर ----------------- का अपना महत्त्व होता है|**

मिनट पल घंटे

8. चित्र देखकर दिए गए शब्दों के सहारे खाली स्थान भरिए (NON-TEXTUAL)

5 x 1 = 5

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गाना | गाड़ी | हाथ | लाल | डर | सड़क |



a. एक लड़का ---------------- पार कर रहा है।

b. लड़के के ---------------- में मोबाइल फ़ोन है।

c. लड़का ---------------- सुन रहा है।

d. ड्राइवर ---------------- तेज़ चला रहा है।

e. ड्राइवर लड़के को देखकर ---------------- जाता है।

9. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 7) 7 x 1 = 7

a. She is playing the Veena.
b. The boy is shouting.
c. Ram lost his book.
d. The child did not sleep well.
e. Ram went to his village.
f. Please help me.
g. He gave me some books.
h. I saw a horse on the road.

10. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 7) 7 x 1 = 7

a. उसने आज अपना पाठ नहीं पढ़ा|
b. सीता ने अपने कपड़े धोए|
c. मैंने अपना काम नहीं किया|
d. वह दूध लाई (लाया)|
e. दादाजी पूजा कर रहे हैं|
f. बंदर पेड़ पर चढ़ रहा है|
g. उसने मैच जीत लिया है|
h. कोई बात नहीं|

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5) 5 x 1 = 5

a. बाघ ने क्या किया ?
b. रोहन कैसा लड़का था ?
c. फल विक्रेता ने कितने प्रकार के आम बताए ?
d. ग्राहक क्या-क्या खरीदने गए थे ?
e. 'शरारती बालक' कहानी से हमें क्या सीख मिलती है ?
f. फल विक्रेता ने कितने प्रकार के आम बताए ?

********

# SAMPLE PAPER 3

**PORTIONS :** 1. दूध और पानी 2. शरीर के अंग 3. चंद्रशेखर आज़ाद
4. मेट्रो रेल कीं यात्रा 5. लाभकारी फल 6. हमारे सहायक
7. शरारती बालक 8. भारतीय मसाले 9.समय का महत्त्व
10. दालों के नाम 11. फल विक्रेता के साथ
12. अनाजों के नाम 13. मुहावरे I & II 14. गिनती (१-४०)
15. अनुवाद I & II 16. RECAP - I & II

**NOTE** : 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons (EXCEPT FOR केवल ज्ञान हेतु) & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : V **HINDI LANGUAGE III** TIME : 1 ½ HRS

DATE : MAX MARKS : 50

1. **अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 3)** 3 x 1 = 3

पंद्रह पैंतीस इक्कीस पच्चीस

2. **किन्हीं तीन दालों के नाम लिखिए** 3 x 1 = 3

3. **अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 4)** 4 x 1 = 4

ग्वाला आदत पेड़ रसीला प्रति

4. **वाक्य बनाइए (कोई 4)** 4 x 1 = 4

दाम काम गुस्सा शहर उपयोग

5. **सही मिलान कीजिए** 4 x 1 = 4

a. हवा से बातें करना - सो जाना
b. थाली का बैंगन - अस्थिर विचारवाला
c. आँख लगना - कड़ी मेहनत करना
d. दिन रात एक करना - लड़ने को तैयार रहना

6. **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** 4 x 1 = 4

[ विश्वास पेड़ स्वीकार खट्टे प्रथम ]

a. हरे सेब बहुत ------------------------ थे।

b. तालाब के किनारे पर एक बहुत बड़ा ---------------- था|
c. मैं वार्षिक परीक्षाओं में ---------------- आया|
d. हम तुम्हारी बातों पर कभी ---------------- नहीं करेंगे।

7. सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4) 4 x 1 = 4

a. **सब सलाइयों को किसने जलाया ?**
चंद्रशेखर आज़ाद भगतसिंह चंद्रशेखर के मित्र

b. **'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?**
लाभ मिलना हानि होना भाग जाना

c. **समय के हर -------------------------------- का अपना महत्त्व होता है |**
मिनट पल घंटे

d. **जो समय को नष्ट करता है, -------------------------------- उसको नष्ट कर देगा।**
समय मित्र शत्रु

e. **चन्द्रशेखर आज़ाद कैसे स्वभाव के थे ?**
आलसी साहसी डरपोक

8. चित्र देखकर दिए गए शब्दों के सहारे खाली स्थान भरिए (NON-TEXTUAL) 5 x 1 = 5

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| टोपी | चिड़ियाघर | ऊँट | बंदर | डाकघर | बच्चे |



a. यह एक ---------------- का चित्र है|
b. दो ---------------- खरगोशों को देख रहे हैं|
c. पिंजरे के अंदर एक ---------------- बैठा है|
d. लड़के ने अपने सिर पर ---------------- पहनी है|
e. बाहर एक हाथी और ---------------- खड़े हैं|

9. **हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7 x 1 = 7

a. It is raining now.
b. The boy is running fast.
c. They are talking.
d. It doesn't matter.
e. I washed my face.
f. He sold his vehicle.
g. The child did not sleep well.
h. She is drinking juice.

10. **अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7 x 1 = 7

a. बच्चा सो रहा है।
b. वह नारियल तोड़ रहा है।
c. उसने दरवाज़ा खोला।
d. सीता ने अपने कपड़े धोए।
e. वह दूध लाई।
f. वह औरत केले बेच रही है।
g. भाई सिनेमा देख रहे हैं।
h. मैं हिंदी सीख रहा हूँ।

11. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** 5 x 1 = 5

1. किन्हीं पाँच सहायकों के नाम लिखिए।
2. बाघ ने क्या किया?
3. अंत में चंद्रसेन ने क्या समझा?
4. ग्राहक क्या-क्या खरीदने गए थे?
5. पाचन शक्ति बढ़ाने वाले किन्हीं दो मसालों के नाम लिखिए।
6. अंत में लोग रोहन की सहायता के लिए क्यों नहीं आए?

********

Books are a source of true knowledge



MRP: ₹100/-

9 788197 508004